# University in News on 19 February 2020

## Amar Ujala-My City Page 1

### एलयू में रोजगार अध्ययन पीठ की होगी स्थापना



■ प्रदेश सरकार के बजट में दो करोड़ रुपये रखे गए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय रोजगार अध्ययन पीठ की एलयू में स्थापना के लिए।

## Hindustan Lucknow Live Page 2

### नौकरीपेशा के लिए फिर शुरू की जाएंगी सांध्य कक्षाएं

**लखनऊ विवि**

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में एक बार फिर ईवनिंग क्लासेज शुरू होंगी। नए शैक्षिक सत्र में इन्हें लाने की तैयारी है। खास बात यह है कि यह ईवनिंग क्लासेज प्रोफेशनल्स के लिए होंगी।

उनके लिए पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इन्हें सोशल साइंसेज, लॉ और मैनेजमेंट में यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम लाने की तैयारी हो रही है।

**20 साल पहले बंद हो गई थी ईवनिंग क्लासेजः** विश्वविद्यालय में करीब 20 साल पहले तक ईवनिंग क्लासेज चलती रही हैं। विश्वविद्यालय के सबसे वरिष्ठ शिक्षक प्रो. पीसी मिश्र बताते हैं कि 1995-97 के बीच कुलपति रहे प्रो. एसपी सिंह के समय तक यह कक्षाएं संचालित हुई थी। उसके बाद इन्हें बंद कर दिया गया। वर्ष 2000 तक छूटे हुए छात्र परीक्षाएं देते रहे। हालांकि, इनका स्वरूप अलग हुआ करता था।

#### 5 साल के प्रदर्शन पर निर्भर है सेल्फ फाइनेंस का भविष्य

कुलपति ने बताया कि नए शैक्षिक सत्र में सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों में 60 प्रतिशत या 40 प्रतिशत सीट भरना का मानक स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनके स्तर पर सभी सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों की समीक्षा की जा रही है। ऐसे सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम जिनकी वास्तव में जरूरत है, उन्हें संचालित किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि सभी सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रमों के मूल्यांकन की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे पाठ्यक्रम जिनकी पिछले पांच वर्षों से हालत खस्ता है उन्हें संचालित करने से पहले मंथन किया जाएगा।

#### नए सिलेबस और नए कलेवर में



कुलपति ने बताया कि यह पाठ्यक्रम प्रोफेशनल्स के लिए हैं। इसलिए, इन्हें ज्यादा से ज्यादा व्यवहारिक बनाया जाएगा। एक और जहां विश्वविद्यालय के संसाधनों का दोहरा इस्तेमाल हो सकेगा बल्कि, शिक्षकों के लिए भी यह नई पहल होगी। वहीं, विश्वविद्यालय अगले सत्र से एडऑन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की स्वरूप में भी बदलाव करने जा रहा है। इन्हें सभी के लिए खोला जाएगा। हालांकि, इसका नया स्वरूप अभी तय नहीं हो पाया है।

## NBT Page 4

### फेयरवेल में दिया पर्यावरण का संदेश



■ **एनबीटी, लखनऊः** लविवि के तिलक गर्ल्स हॉस्टल में रहने वाली विभिन्न कोर्सों के अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए मंगलवार को फेयरवेल पार्टी हुई। कुलपति आलोक राय की उपस्थिति में छात्राओं को विदाई दी गई। नृत्य, गायन सहित अन्य कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर चीफ प्रोवोस्ट डॉ. मनुका खन्ना, एडिशनल चीफ प्रोवोस्ट डॉ. मोनीषा बनर्जी, डॉ. मैत्री प्रियदर्शनी, डॉ. नाजिया जमाल मौजूद रहीं।

## TOI Page 3

### Swarozgar boost for LU students

**Team TOI**

Lucknow: Students of Lucknow University (LU) will now be able to conduct research on employment opportunities, job trend and more to help the varsity provide better placement to its graduates.

The same will be facilitated by the Mahatma Gandhi international self-employment research chair to be set up at LU for which the state government sanctioned a grant of Rs 2 crore in its budget on Tuesday. The chair will work on the Gandhian principle of '*swarozgar* (self-employment)' and help students convert innovative ideas into startups.

"The research chair will boost employment generation. There will be a gallery dedicated to great personalities, a library, special training for startups and classes by experts from different fields to help students land best jobs," said LU spokesperson Durgesh Srivastava.

## HT Page 3

### LU TO HAVE RESEARCH CHAIR IN NAME OF GANDHI

**LUCKNOW:** The state government on Tuesday allocated ₹2 crore for setting up a research chair in the name Mahatma Gandhi at Lucknow University (LU).

The provision for the chair was announced in the state budget, which was presented in the assembly. The study chair, titled 'Mahatma Gandhi international employment study,' will be established in the upcoming academic year.

Earlier, the similar amount was announced for setting up a research chair in the name of former Prime Minister Atal Bihari Vajpayee. **HTC**